Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct Pune-Ahmednagar-Aurangabad-Jalgaon railway line-laid.

डॉ. सुजय विखे पाटील (अहमदनगर): मेरा संसदीय क्षेत्र अहमदनगर पर्यटन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है और शिरडी साई बाबा मंदिर भी यहाँ स्थित है जहाँ प्रतिदिन देश और विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक प्रार्थना करने आते है. यदि पुणे-अहमदनगर-औरंगाबाद-जलगाँव रेलवे लाइन का निर्माण किया जाता है तो यह न केवल पुणे से होकर गुजरेगी, बल्कि अहमदनगर, जलगाँव और औरंगाबाद सहित कई पर्यटन स्थलों को भी जोड़ेगी ।इस रेल लाइन के निर्माण से इन क्षेत्रों के औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और रेलवे के साथ केंद्र सरकार के लिए भी राजस्व उत्पन्न करेगा । इन क्षेत्रों के रेल यात्री लंबे समय से इस लाइन के निर्माण की मांग कर रहे हैं क्योंकि इसके अभाव के कारण उन्हें यात्रा करने में असुविधा होती है । मेरा सरकार से निवेदन है कि पुणे-अहमदनगर-औरंगाबाद-जलगाँव रेलवे लाइन के निर्माण के लिए तत्काल सर्वेक्षण किया जाये और यथाशीघ्र सरकार इस नई रेलवे लाइन का निर्माण करें ।